# University in News on 05 July 2020

**AMAR UJALA MY CITY Page 5**

# ओल्ड कैंपस में बनेगा ओपन एयर जिम, न्यू कैंपस में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

**माई सिटी रिपोर्टर**

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय विद्यार्थियों की पढ़ाई के साथ ही उनकी सेहत का ध्यान भी रख रहा है। इसके लिए लविवि टैगोर लॉन में ओपन एयर जिम बनाने जा रहा है। इतना ही नहीं न्यू कैंपस में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाने की तैयारी भी चल रही है। यह निर्माण राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) के पैसों से होगा।

लविवि के पुराने परिसर में इस समय महाराजा सिंह जिम्नेजियम है, लेकिन इसे काफी आधुनिक बनाने की जरूरत है। लविवि ने इसके बजाय गोमतीनगर के राम मनोहर लोहिया पार्क की तर्ज पर ओपन एयर जिम बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। टैगोर पुस्तकालय के सामने स्थित पार्क में ओपन एयर जिम स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही लविवि ने नए परिसर की खेल सुविधाएं भी दुरुस्त करने का फैसला किया है। इसके लिए न्यू कैंपस में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाया जाना है। यहां विभिन्न प्रकार के खेल खेलने की सुविधा होगी। नवीन परिसर के विद्यार्थी हमेशा पुराने परिसर के मुकाबले सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाते हैं। स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्थापित होने के बाद यह शिकायत दूर हो जाएगी।



**लविवि : राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के पैसों से होगा कार्य**

### ओल्ड कैंपस में बॉक्सिंग रिंग



लविवि ने पुराने परिसर में परांजपे ग्राउंड के पास बॉक्सिंग रिंग तैयार करने का काम भी शुरू कर दिया है। हॉकी और बास्केटबॉल कोर्ट को आधुनिक करने का काम पहले ही शुरू कर दिया है। नए सत्र में विद्यार्थियों को इन सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

> लविवि की खेल सुविधाओं को उन्नत बनाया जाएगा। इसके तहत पुराने परिसर में ओपन जिम तथा नए परिसर में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की स्थापना की जाएगी। **– प्रो. आलोक कुमार राय, कुलपति लविवि**

**NBT Page 6**

## एचआरडीसी की रैंकिंग सुधारने का होगा प्रयास: प्रो. ध्रुव सेन

■ **एनबीटी, लखनऊ :** लखनऊ यूनिवर्सिटी के प्रो. ध्रुव सेन सिंह को ह्यूमन रिसोर्स डिवेलपमेंट सेंटर (एचआरडीसी) का निदेशक बनाया गया है। पद संभालने के साथ उन्होंने यूजीसी में एचआरडीसी की रैंकिंग सुधारने की बात कही है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के समय में वर्चुअल लैब को जल्द से जल्द स्टूडेंट्स की डिस्टेंस लर्निंग को बढ़ावा भी देना प्राथमिकता है।

## केंद्रीयकृत दाखिले के लिए आठ जुलाई तक आवेदन का मौका

■ **एनबीटी, लखनऊः** लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कॉलेजों को भी दाखिलों की केन्द्रीयकृत व्यवस्था से जुड़ने के लिए अब आठ जुलाई तक आवेदन करना होगा। पहले पांच जुलाई अंतिम तारीख थी। एलयू के ऐडमिशन को-ऑर्डिनेट प्रो. अनिल मिश्रा ने बताया कि इस व्यवस्था से जुड़ने के लिए कॉलेजों को आरटीजीएस शुल्क जमा करना है, लेकिन शुल्क जमा करने में कुछ दिक्कतें आ रहीं हैं। इसे देखते हुए शनिवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कॉलेजों को तीन दिन का और समय दिया है।

**HINDUSTAN Page 6**

# केन्द्रीकृत प्रवेश के लिए सात जुलाई तक मांगी सहमति

**लविवि**

**लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता**

लखनऊ विश्वविद्यालय ने केन्द्रीकृत प्रवेश प्रणाली के लिए कॉलेजों की सहमति देने की समय सीमा बढ़ा दी है। सहयुक्त महाविद्यालयों को अब सात जुलाई तक सूचनाएं भेजनी होंगी। पहले रविवार तक उपलब्ध करानी थीं। लखनऊ विश्वविद्यालय पहली बार केन्द्रीकृत प्रवेश व्यवस्था लागू करने जा रहा है।

डीयू की तर्ज पर लविवि में प्रवेश के लिए काउंसलिंग में छात्रों को महाविद्यालयों में भी प्रवेश का मौका मिलेगा। काउंसलिंग में शामिल होने वाले महाविद्यालयों की सूची मांगी है।

प्रवेश समन्वयक प्रो. अनिल मिश्रा ने बताया कि अभी तक छह महाविद्यालयों ने सहमति जताई है। कई अन्य महाविद्यालयों के स्तर पर भुगतान में परेशानी हो रही है। इसलिए समयसीमा बढ़ाने का फैसला लिया है।



### सीधे दाखिले का भी रहेगा विकल्प

लविवि ने किसी भी महाविद्यालय के लिए इस केन्द्रीकृत प्रणाली में शामिल होना अनिवार्य नहीं किया है। इच्छुक महाविद्यालय ही शामिल हैं। उन्हें सीधे प्रवेश का विकल्प भी मिलेगा।



शनिवार को लखनऊ विवि की ओर से ऑनलाइन क्विज का आयोजन किया गया।

**लविवि**

**लखनऊ | निज संवाददाता**

वन महोत्सव के अवसर पर शनिवार को वन एवं वन्यजीव जीव विभाग, वन निगम और लखनऊ विवि की ओर से ऑनलाइन क्विज का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में देश के साथ साथ विदेशी छात्रों ने भी हिस्सा लिया।

क्विज में छात्रों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस दौरान छात्रों को वृक्षों के महत्व, इनके संरक्षण आदि की जानकारी भी दी गई। क्विज प्रतियोगिता में अफ्रीका, भारत और अन्य देशों के राष्ट्रीय पेड़ आदि पर छात्रों ने प्रश्नों के जवाब दिए।

क्विज में वन निगम की अपर प्रबंध मुख्य वन संरक्षक ईवा शर्मा मौजूद रहीं। 15 बच्चों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया जिसमें अफ्रीका और श्रीलंका के छात्र भी शामिल रहे। सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन पत्र दिया गया। प्रतिभागियों ने कहा कि उनको बहुत अच्छा लगा।